# कार्यालय अधिष्ठाता
# बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

क्रमांक / 18890 / स्था. / राज. / एम.सी. / 2026 शहडोल, दिनांक 30/01/2026

## विज्ञप्ति

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल से संबद्ध चिकित्सालय के जनरल मेडिसिन विभाग अंतर्गत संचालित डायलिसिस युनिट के सुचारू संचालन हेतु **डायलिसिस टेक्नीशियन** की सेवायें अनुबंध पर लिए जाने हेतु आवेदन पत्र **दिनांक 16.02.2026** तक आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त पद हेतु योग्यता एवं अर्हता निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | पदनाम | संख्या | योग्यता / अर्हता | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डायलिसिस टेक्नीशियन | 02 | डायलिसिस टेक्नीशियन के पद का डिप्लोमा / डिग्री एवं म.प्र. सह चिकित्सकीय परिषद का जीवित पंजीयन | 20,000 / - (एकमुश्त मसिक वेतन) |

नियम एवं शर्ते निम्नानुसार है :-

1. यह अनुबंध पूर्णतः अस्थायी है। जो कि किसी भी समय निरस्त की जा सकता है।
2. आवेदक की आयु अधिकमत 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
3. **उक्त पद की सेवायें वार्षिक अनुबंध पर की जायेगी।**
4. कार्य संतेषजनक होने पर अनुबंध की अवधि बढ़ायी जा सकेगी।
5. उक्त पद हेतु आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है।
6. आवेदक के विरूद्व किसी भी प्रकार का न्यायिक प्रकरण पंजीबद्व नहीं होना चाहिए। जिसके संबद्व में संबंधित पुलित / थाना से चरित्र प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. आवेदक के चयन होने पर आवेदक के विरूद्व किसी भी अधिकारी के प्रतिकूल टिप्पणी के आधार पर किसी भी समय अनुबंध निरस्त किया जा सकता है। जिसका संपूर्ण अधिकार अधिष्ठाता को होगा।
8. **भविष्य में नियमित नियुक्ति हेतु किसी भी प्रकार का दावा किसी भी स्तर पर नहीं किया जायेगा। उक्त संबंध में संबंधित आवेदक को आवेदन के साथ राशि रू. 200 / -में संम्यक रूप से स्टांपित शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
9. उक्त विज्ञापन प्रकिया के किसी भी समय निरस्त करने का पूर्ण एकाधिकार अधिष्ठाता का होगा।
10. उक्त पद की सेवायें इस संस्था के सेवा शर्तो के अधीन होगी, संस्था अपनी सेवा शर्तो में आंशिक सुधार एव परिवर्तन कर सकेगी।
11. 26 जनवरी 2001 के पश्चात आवेदक के 02 से अधिक जीवित संतान नहीं होनी चाहिए।
12. आवेदन के साथ संपूर्ण दस्तावेजों की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. आवेदन डाक / व्यक्तिगत रूप से कार्यालय अधिष्ठाता, बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में जमा किये जा सकते हैं।

DEAN
Birsa Munda Govt. Medical College
Shahdol (M.P.)

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner